# म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर

# 120वाँ स्थापना दिवस

CELEBRATING 120 YEARS MPCCI

MAY 2025

https://mpcci.in

e अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका


- आरएनआई/एमपीएचआईएन/1997/6965
- डाक पंजीकृत सं. ग्वालियर / 40020263/2023–25
- वर्ष : 27, अंक : 11
- माह : मई 2025

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# 120वाँ 'स्थापना दिवस' भव्यता पूर्वक आयोजित

## ग्वालियर में फिर बहेगी औद्योगिक विकास की धारा : ऊर्जा मंत्री, म. प्र. शासन

## चेम्बर नित नई ऊंचाईयों को छुए : माननीया डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार, महापौर

## MPCCI रिसोर्स पैनल का शुभारंभ






120वें 'स्थापना दिवस' की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रम 'श्री गणेश वंदना' एवं भगवान श्रीकृष्ण जी के ऊपर ठुमरी (कत्थक नृत्य) से वाणी पाठक एवं नित्या पाठक द्वारा शानदार प्रस्तुत देकर की गई।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में पधारे, म. प्र. के ऊर्जा मंत्री–माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि म. प्र. का जब गठन हुआ, तब ग्वालियर प्रदेश के चार महानगरों में औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता था। आज हमारा ग्वालियर चौथे–पांचवें पायदान पर है। ग्वालियर में फिर औद्योगिक विकास की धारा बहेगी और यह आप सभी के सहयोग से संभव हो पाएगा। आपने कहा कि हमें, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए ग्वालियर को अनुकूल बनाना होगा। यह केवल बात करने से नहीं बल्कि आगे बढ़कर कार्य करने से होगा। यह कहा जाता है कि माँ लक्ष्मी वहीं निवास करती हैं जहां स्वच्छता का वास होता है। आज हम देखते हैं कि इंदौर कहां पहुंच गया है। इसलिए हमें भी ग्वालियर में स्वच्छता को अपनाना होगा। इसलिए जून माह से सप्ताह में दो दिन पूरे शहर में स्वच्छता के लिए मैं यात्रा करूंगा। हमारा शहर स्वच्छ होगा तो शहर में एक वातावरण बनेगा और लोग हमारे तरफ आकर्षित होंगे। आज हमारे ग्वालियर में भव्य एयरपोर्ट का निर्माण हो चुका है। रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य जारी है। अंतर्राज्यीय बस अड्डा स्थापित हो चुका है। ग्वालियर के विकास के लिए पक्ष–विपक्ष और चेम्बर ऑफ कॉमर्स सब मिलकर प्रयास करेंगे। माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के नेतृत्व में शहरी विकास मंत्री से मिलकर ग्वालियर के विकास के लिए राशि जारी करने का अनुरोध किया गया है। नगर निगम भी ग्वालियर के विकास की भावना के साथ कार्य करेगी। आपने 120वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हम शहर को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त, हरा–भरा तथा नशे से मुक्त करने के लिए प्रयास करें। हम सकारात्मक सोच रखते हुए श्रद्धा, सबूरी और निष्ठा के साथ कार्य करें।

अतिथि, महापौर–डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार ने कहा कि म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा आज 120वाँ स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। चेम्बर की इस ऐतिहासिक यात्रा के लिए चेम्बर के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यगणों को हार्दिक शुभकामनायें। चेम्बर इसी प्रकार नित नई ऊंचाईयों को छुए, ईश्वर से यही कामना है। ग्वालियर शहर के विकास में आप सभी का सहयोग इसी भांति प्राप्त होता रहे, ताकि हमारा ग्वालियर सबका साथ–सबका विकास की भावना के साथ आगे बढता रहे।

इससे पूर्व अतिथियों के सम्मान में स्वागत उद्‌बोधन देते हुए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि आज हम चेम्बर ऑफ कॉमर्स का 120वां स्थापना दिवस मना रहे हैं और अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित किये गये इस वटवृक्ष की उपलब्धियों पर अभिभूत और गौरवान्वित हो रहे हैं। चेम्बर के प्रथम अध्यक्ष–लाला भिकारीदास जी को आज मैं नमन करता हूँ कि उनके नेतृत्व में चेम्बर की सेवा यात्रा

# 120वाँ 'स्थापना दिवस'







प्रारंभ हुई। वर्ष 1946 से 1991 से लगातार 46 वर्षों तक अध्यक्ष बाबू दुर्गाप्रसाद मण्डेलिया जी के नेतृत्व ने चेम्बर को सशक्त किया। श्री श्रीकृष्ण दास जी गर्ग, डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल जी, डॉ. गोविंददास जी अग्रवाल, श्री सतीश जी अजमेरा, श्री जी.डी. लड्ढा जी, श्री विष्णुप्रसाद जी गर्ग, श्री अरविन्द अग्रवाल जी एवं श्री विजय गोयल जी के कार्यकाल में चेम्बर ने उत्तरोत्तर प्रगति की। आज मैं सभी पूर्व अध्यक्षों को उनके द्वारा चेम्बर के लिए दिये गये योगदान एवं उनके कार्यकाल में मिली उपलब्धियों के लिए नमन करता हूँ। आज हमारे पास चुनौती है हमारे स्वर्णिम इतिहास में नित नये अध्याय लिखने की ताकि जब चेम्बर का 150वां स्थापना दिवस मनाया जाये तो हमारी आने वाली पीढी भी हमारे द्वारा अर्जित की गई उपलब्धियों पर गर्व कर सके। हमें ग्वालियर के दायरे से बाहर निकलकर पूरे मध्यप्रदेश के व्यापार एवं उद्योग का नेतृत्व करना है। चेम्बर का विस्तार पूरे म.प्र. में करना है। डिजिटलाइजेशन में डाटा की सुरक्षा पर कार्य करना है। चेम्बर के नवीन भवन का निर्माण करना। ग्वालियर में सीजीएसटी कमिश्नरेट की स्थापना कराना हमारे प्रमुख लक्ष्यों में शामिल हैं। आपने इस अवसर पर सदस्यों से आव्हान किया कि वह अपनी चिंता/समस्याओं में चेम्बर को अपना भागीदार बनायें, चेम्बर आपके साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर आपने संस्था के वर्ष 1906 से 1910 तक के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारे पूर्वज

1. किसी भी कार्य को टालते नहीं थे। वह तत्काल और लगातार बैठकें करते थे।
2. अपनी/संस्था की असफलता को स्वीकार करते थे। उदाहरण के लिए दि. 31.07.1910 की बैठक में सदस्यता के प्रति उदासीनता को स्वीकार किया।
3. नियमों का कड़ाई से पालन करते थे। समय पर फीस न देने पर मैनेजिंग कमेटी के सदस्यों को हटाया गया।
4. अपनी बात को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते थे। दिनांक 31.07.1910 को लाला रामजीदास वैश्य का डेमोंस्ट्रेटिव भाषण इसका उदाहरण है।
5. दूरदर्शी सोच रखते थे। (विलायती शक्कर पर लगान, माल वापस होने पर लगान की वापसी आदि)।
6. एक-दूसरे से लड़ते नहीं थे।
7. पद के लालची नहीं थे।
8. ऐसा कोई कार्य नहीं करते थे, जिससे किसी व्यापारी को हानि हो। (जैसे नकली चंदेरी की भी अनुमति दी गई)।

# 120वाँ 'स्थापना दिवस'

## MPCCI रिसोर्स पैनल का शुभारंभ

ग्वालियर शहर के युवा उद्यमियों को अपना नवीन व्यापार एवं उद्योग लगाने के लिए **MPCCI** रिसोर्स पैनल का शुभारंभ ऊर्जा मंत्री, म. प्र. शासन – माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं महापौर, माननीया डॉ. श्रीमती शोभा सिकरवार द्वारा किया गया।

## MPCCI RESOURCE PANEL FOR NEW ENTREPRENEURS

### उद्देश्य : ग्वालियर के नए उद्यमियों को निःशुल्क मार्गदर्शन उपलब्ध कराना।

**1. अनुभवी उद्यमी :**
श्री विजय गोयल, पूर्व अध्यक्ष
श्री सुरेश बंसल, पूर्व उपाध्यक्ष
श्री आशीष वैश्य
श्री पुनीत डावर

**2.अंतर्राष्ट्रीय व्यापार :**
श्री अरविंद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष
श्री आशुतोष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य

**3.स्टार्टअप :**
श्री कृष्णकांत चतुर्वेदी
श्री अंकुर माहेश्वरी
श्री तुषार धवन

**4. कर व बीमा विशेषज्ञ :**
सीए गजेंद्र जैन, आयकर
सीए दीपक बाजपेयी, जीएसटी
सीए आशीष पारेख, आर्थिक मामले
एडवोकेट प्रवीण अग्रवाल, कं. लॉ
श्री मनीष गोयल, बीमा व कारपोरेट ऑडिट

**5. कानूनी सलाहकार : (एमएसएमई व स्टार्टअप)**
श्री शुभेंदु सिंह चौहान

**6. सरकारी योजनाओं के संपर्क अधिकारी) :**
महाप्रबंधक, जिला व्यापार व उद्योग केन्द्र, ग्वालियर.
प्रभारी, ग्वालियर इंयूवेशन सेन्टर

**7. फंडिंग व बैंकिंग सलाहकार :**
(बैंक/वित्तीय संस्थानों से मार्गदर्शन)



श्री राम कुमार चोपड़ा
श्री अमित ऐलानी
लीड मैनेजर, लीड बैंक–सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

**8. विद्युत विभाग सलाहकार :**
श्री राजीव माहेश्वरी
महाप्रबंधक, शहर वृत्त, म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि.

**9. श्रम विभाग सलाहकार :**
श्री शिव कुमार सिंघी
श्री ब्रह्म अग्रवाल
सहायक श्रम आयुक्त, ग्वालियर.

**10. भूमि नियम सलाहकार :**
श्री सुदर्शन झवर
श्री शैलेश जैन

**11. प्रबंधन :**
श्री अविनाश मिश्रा
श्री मनोज पटवर्धन
श्री नविता नत्थानी

# 120वाँ 'स्थापना दिवस'

## UPSC में चयनित श्री माधव अग्रवाल का किया गया सम्मान



चेम्बर की सदस्य फर्म, मेसर्स आर.आर.टी. कं. के संचालक–श्री राकेश अग्रवाल जी के सुपुत्र श्री माधव अग्रवाल द्वारा यूपीएससी 2024 की परीक्षा में ऑल इण्डिया में 16वीं रैंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल ने इस अवसर श्री माधव अग्रवाल का परिचय दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं चेम्बर के संस्थापक सदस्यों के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। अतिथियों का सम्मान पदाधिकारियों द्वारा फलों की टोकरी एवं माल्यार्पण से किया गया । कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को 'स्मृति–चिन्ह' देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में आभार, उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया । इस अवसर पर संयुक्त अध्यक्ष–हेमन्त गुप्ता, मानसेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्षद्वय–डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, श्री अरविन्द अग्रवाल, उपाध्यक्षगण–श्री जी. एल. भोजवानी, श्री सुरेश बंसल, श्री पारस जैन, मानसेवी संयुक्त सचिवद्वय–श्री पीताम्बर लोकवानी, श्री ललित गुप्ता, कोषाध्यक्ष–श्री कैलाश लहारिया, श्री गोकुल बंसल सहित कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## ग्वालियर ''विमानपत्तन सलाहकार समिति'' की बैठक आयोजित
## मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य-श्री आशीष जैन व श्री प्रशांत सिंघल हुए शामिल

ग्वालियर विमानपत्तन सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन, सांसद–माननीय श्री भारत सिंह कुशवाह के सानिध्य में दि. 23 मई,25 को होटल आदित्याज में किया गया। उक्त बैठक में एयरपोर्ट डायरेक्टर–श्री के. एन. यादव सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस बैठक में मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल, कार्यकारिणी समिति सदस्य–श्री आशीष जैन व श्री प्रशांत सिंघल ने शामिल होकर, निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए :–

1. ग्वालियर से इन्दौर के मध्य प्रातः 8.00 बजे फ्लाइट प्रारम्भ की जाए और इसे पुणे से जोड़ा जाए। ग्वालियर से प्रातःकाल के समय फ्लाइट प्रारम्भ होने से 49 शहरों की कनेक्टिंग फ्लाइट यात्रियों को उपलब्ध होंगी, जिसमें अधिकांश फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की हैं। साथ ही, शाम के समय इन्दौर से ग्वालियर के लिए फ्लाइट की सुविधा प्रारम्भ की जाए।
2. बैंगलुरु, कलकत्ता व हैदराबाद के लिए भी हवाई सेवा प्रारम्भ की जाए। बैंगलुरु के लिए एक और नवीन फ्लाइट प्रारम्भ होने से ग्वालियर अंचल के यात्रियों को वहाँ से 81 शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट उपलब्ध होंगी, इसमें अधिकांश फ्लाइट इंडिगो एयरलाइंस की हैं।
3. ग्वालियर से नई दिल्ली के लिए प्रातः 08.00 बजे विमान सेवा प्रारम्भ की जाए, जिससे सुबह के समय यात्री नई दिल्ली पहुँच कर, देश के किसी भी शहर के लिए कनेक्टिंग फ्लाईट से अपने गंतव्य शहर में पहुँच सके। साथ ही, नई दिल्ली से शाम के समय ग्वालियर के लिए फ्लाइट उपलब्ध हो।
4. ग्वालियर एयरपोर्ट पर 'नाइट लेंडिंग' सुविधा प्रारम्भ की जाए। इससे ग्वालियर एयरपोर्ट को काफी आर्थिक लाभ होगा। चूंकि जेबर इंटरनेशनल एयरपोर्ट शीघ्र ही प्रारम्भ होने वाला है। इसलिए यह सुविधा ग्वालियर को मिल सकती है।
5. ग्वालियर एयरपोर्ट पर 'एयर कार्गो' सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इससे ग्वालियर अंचल के व्यापारियों को अपना उत्पादन/माल तीव्र गति के साथ विभिन्न शहरों में पहुँचाने व माँगने में काफी सुविधा होगी।
6. आपातकालीन स्थिति में एयरपोर्ट पर मेडीकल सुविधा की उचित व्यवस्था की जाए।

# 'माधव प्लाज़ा' हितग्राहियों पर लगाए गए ब्याज की राशि का विषय शासन स्तर पर विचाराधीन है, इस पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा है : नरोत्तम भार्गव, सीईओ–जीडीए

## ग्वालियर विकास प्राधिकरण के सीईओ–श्री नरोत्तम भार्गव के सानिध्य में बैठक आयोजित




**MPCCI** का प्रयास – बने सफलतम व्यवसायिक कॉम्पलेक्स 'माधव प्लाजा' विषय पर दिनांक 2 मई,25 को एक बैठक का आयोजन 'चेम्बर भवन' में किया गया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्वालियर विकास प्राधिकरण–श्री नरोत्तम भार्गव ने कहा कि 'माधव प्लाजा' शहर की प्राइम लोकेशन पर बना है। इसको सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके विकास के लिए हमें प्रोग्रेसिव सोच को अपनाने की आवश्यकता है। शहर के विकास में सभी का सहयोग आवश्यक है। आपने कहा कि 'माधव प्लाजा' के ब्याज की माफी शासन स्तर पर होना है, इसके लिए हमारे द्वारा शासन स्तर पर प्रस्ताव एवं पूर्ण जानकारी भेज दी है, जिस पर शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम आने की आशा है। 'माधव प्लाजा' पर लगभग 1 से डेढ़ करोड़ रूपये का औसत खर्च मेंटेनेंस पर हो रहा है। आपने कहा कि जिन हितग्राहियों की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण हो गई हैं, उन्हें दुकान खोलना चाहिए। आपने मेंटनेंस पजेशन दिनांक से पूर्व से नहीं लिए जाने पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की तथा इसका अध्ययन करने की बात कही। लीजरेंट एवं मेंटीनेंस की दर को संशोधित करने पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी ली जाएगी। आपने कहा कि किसी हितग्राही को व्यक्तिगत रूप से भी कोई परेशानी है, तो वह मुझसे कार्यालय में आकर मिलें, उनकी परेशानी को दूर किया जाएगा।

बैठक के प्रारंभ में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने अपना उद्‌बोधन देते हुए कहा कि हम पुन: 'माधव प्लाजा' के संदर्भ में चर्चा के लिए आज बैठे हैं। हम नये स्लोगन के साथ आज बैठक कर रहे हैं। हमें 'माधव प्लाजा' को सफलतम व्यवसायिक कॉम्पलेक्स बनाने के लिए भूतकाल को भूलना होगा और इसे सफल बनाना होगा। आपने माधव प्लाजा को सफलतम बनाने के लिए जीडीए, सरकार एवं हितग्राही सबको मिलकर प्रयास करना होगा। जब यह तीनों पक्ष इसके हल के लिए तैयार होंगे, तब यह कॉम्पलेक्स ग्वालियर का सबसे सफलतम व्यवसायिक कॉम्पलेक्स होगा। जीडीए के पास पर्यावरण विभाग की एनओसी नहीं थी, इसलिए आप रजिस्ट्री करने में सक्षम नहीं थे। आज जब आप सक्षम हैं, तो हितग्राहियों से ब्याज माँग रहे हैं, यह गलत है। हमने शासन से इस ब्याज को हटाने की मांग की थी। इस पर मुख्यमंत्री जी ने ब्याज नहीं लेने की घोषणा की थी और इस घोषणा पर कार्य चल रहा है। कई दुकानदारों ने पजेशन लिया है, वह दुकान नहीं खोल रहे हैं, उन्हें क्या समस्या है। इस पर भी विचार किया जाना चाहिए।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहा कि वर्ष–2023 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री–श्री शिवराज सिंह जी चौहान का 'चेम्बर भवन' में आगमन हुआ था। तब हमारे द्वारा 'माधव प्लाजा' के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था। इस पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने मंच से घोषणा की थी कि जब 'माधव प्लाजा' में व्यापारियों का कोई दोष ही नहीं है, तो व्यापारी किस बात का ब्याज देंगे। इस घोषणा को हुए लगभग 20 माह का समय व्यतीत हो चुका है, लेकिन व्यापारियों को राहत नहीं मिली है। जीडीए द्वारा पर्यावरण विभाग की एनओसी के लिये बिना निर्माण कार्य किया गया और पर्यावरण की एनओसी में 5 वर्ष का समय जीडीए को लग गया। इस कारण हितग्राहियों को रजिस्ट्री नहीं की गई और जीडीए की गलती के कारण अब हितग्राहियों से 5 वर्ष की अवधि का ब्याज मांगा जा रहा है। इसमें व्यापारी का कोई दोष नहीं है, इसलिए माधव प्लाजा में जिन व्यापारियों ने दुकानें ली हैं, उनसे ब्याज की मांग नहीं की जाना चाहिए।

'माधव प्लाजा' में दुकान लेने वाले व्यवसायियों ने बताया कि जीडीए के पास एनओसी नहीं होने के कारण जो प्रोजेक्ट में देरी हुई उस अवधि का ब्याज मांगा जाना अनुचित है। वर्ष–2013 में व्यापारियों से बाँड भरवाकर 6 माह में रजिस्ट्री देने की बात कही गई थी, लेकिन 10–12 वर्ष हो गए और हमारा पैसा जीडीए के पास जमा है, तो ब्याज तो जीडीए को व्यापारियों को देना चाहिए। जब रजिस्ट्री नहीं हुई है, तो हम मेंटीनेंस का खर्च क्यों दें। लीज रेंट और मेंटेनेंस पजेशन देने से पूर्व के वर्षों से मांगा जा रहा है, मेंटीनेंस शुल्क आप पजेशन देने से पूर्व की दिनांक से नहीं ले सकते हैं। व्यापारियों ने कहा कि कोरोनाकाल के वर्षों का भी मेंटीनेंस शुल्क मांगा जा रहा है। कई व्यापारियों से 3 से 5 लाख तक का मेंटीनेंस शुल्क माँगा जा रहा है।

बैठक के अंत में आभार, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा व्यक्त किया गया। बैठक में 'माधव प्लाजा' प्रभारी–श्री के. डी. विश्वास एवं सहायक यंत्री–श्री देवेन्द्र गुप्ता, कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री आशीष अग्रवाल, चंद्रकांत अग्रवाल, नरेन्द्र मंगल, अरूण गुप्ता, धर्मेश गुप्ता सहित सदस्य–सर्वश्री आशुतोष मिश्रा, राजेन्द्र जैन, रवि प्रताप अग्रवाल, ओमप्रकाश जाजौरिया, रवि गुप्ता, प्रदीप कुमार जैन, मनोज कुमार, सतीश अग्रवाल, राजीव सक्सैना, सुनील श्रोतिय, संजय जैन, अमित जैन, गिरीश गुप्ता आदि सहित काफी संख्या में 'माधव प्लाजा' हितग्राही उपस्थित थे।

## ''राइजिंग नॉर्थ-ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट-2025'' में शामिल हुआ चेम्बर का प्रतिनिधिमण्डल



राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट–2025 का आयोजन दि. 23 मई, 25 को प्रधानमंत्री–माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मुख्यातिथ्य एवं केन्द्रीय संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, विशिष्टआतिथ्य में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में किया गया। इस आयोजन में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल के नेतृत्व में संस्था का एक प्रतिनिधिमण्डल शामिल हआ। प्रतिनिधिमण्डल में कार्यकारिणी समिति सदस्य–सर्वश्री आशुतोष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक गोयल, नंदकिशोर गोयल, मनोज बंसल और राहुल शर्मा शामिल थे। राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट–2025 में देश के ख्यातिनाम उद्योगपति रिलाइंस समूह के श्री मुकेश अंबानी, अडानी समूह के श्री गौतम अडानी, वेदांता समूह के चेयरमैन–श्री अनिल अग्रवाल, अंबुजा समूह के श्री हर्ष निगौतिया के साथ–साथ देश–विदेश के उद्योगपति और उद्यमी उपस्थित थे।

चेम्बर के प्रतिनिधिमण्डल ने अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, असम, मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड स्टेट के स्टॉल का भ्रमण कर, ग्वालियर–चंबल संभाग में इन राज्यों से व्यापार की संभावना पर भी बात की। साथ ही वेदांता समूह के चेयरमैन को चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री की ओर से आमंत्रण देते हुए, उन्हें ग्वालियर आगमन के लिए आमंत्रित भी किया।

# कार्यकारिणी समिति सदस्य, स्व. श्री संजय अग्रवाल को दी गई पुष्पांजलि





कार्यकारिणी समिति सदस्य – श्री संजय अग्रवाल जी का आकस्मिक निधन दि. 14 मई को हो जाने पर संस्था की ओर से दिनांक 24 मई,25 को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन चेम्बर भवन में किया गया।

श्रद्धांजलि में अध्यक्ष–डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि संजय जी मेरे अभिन्न मित्र थे। साफ और नेकदिल शख्सियत का असमय चला जाना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से अपूर्णनीय क्षति है। मैं संस्था व समस्त व्यापार जगत की ओर से ईश्वर से उन्हें मोक्ष प्रदान करने तथा उनके परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूँ।

मानसेवी सचिव–दीपक अग्रवाल ने कहाकि मिलनसार व्यक्तित्व के धनी, श्री संजय अग्रवाल जी वर्ष 1996 में चेम्बर के सदस्य बने। वह वर्ष 2000–2003 टर्म में प्रथम बार कार्यकारिणी समिति सदस्य बने तथा वर्ष 2019 से लगातार चेम्बर के कार्यकारिणी समिति सदस्य रहे। वह हमेशा सच्चाई की बात करते थे। श्रद्धांजलि सभा में उपाध्यक्ष–डॉ. राकेश अग्रवाल, मासेवी संयुक्त सचिव–पवन कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष–संदीप नारायण अग्रवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष–वसंत अग्रवाल सहित कार्यकारिणी समिति सदस्यगण एवं सदस्यगणों द्वारा अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर, स्व. संजय अग्रवाल जी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## ''जिला सड़क सुरक्षा समिति'' की बैठक में मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने उठाए जनहित से जुड़े अहम मुद्दे

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मानसेवी सचिव–श्री दीपक अग्रवाल ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने हेतु 03 महत्वपूर्ण बिंदु प्रस्तुत किए, जिन पर प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लिया।

मानसेवी सचिव–श्री दीपक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किए गए बिन्दु निम्नानुसार हैं :–

* **चेतकपुरी मार्ग :** चेतकपुरी गेट के सामने वाली मुख्य सड़क पर पिछले एक वर्ष से यातायात बाधित है, जिससे नागरिकों को भारी असुविधा हो रही है। इस सड़क का शीघ्र निर्माण किया जाए।

  आयुक्त, नगर–निगम : उक्त कार्य दि. 30 जून,25 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

* **सीसीटीवी कैमरे :** यातायात के नियंत्रण हेतु सीसीटीवी कैमरे पिछले एक वर्ष से स्मार्ट सिटी द्वारा लगाए जाने की योजना केवल चर्चा में है, जबकि इस पर अमल किए जाने की आवश्यकता है।

  आयुक्त, नगर–निगम : आगामी 60 दिनों में कैमरे लगा दिए जाएंगे।

* **स्ट्रीट हॉकर्स :** महाराज बाड़ा क्षेत्र में स्मार्ट सिटी द्वारा लाखों रुपये खर्च कर विकास कार्य किए गए हैं, परन्तु वहाँ पर स्ट्रीट हॉकर्स के अनियंत्रित जमावड़े के कारण इन सुविधाओं का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसलिए यह आवश्यक है कि हॉकर्स को हॉकर्स जोन में शिफ्ट किया जाए, ताकि जीयाजी चौक का यातायात सुगमता से संचालित हो सके।

http://www.mpcci.in
अर्थवार्ता
मासिक पत्रिका

# स्थायी भवन निर्माण समिति की प्रथम बैठक आयोजित

प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण के लिए साधारण सभा द्वारा गठित की गई ''स्थायी भवन निर्माण समिति'' की प्रथम बैठक का आयोजन दिनांक 31 मई 25 को किया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल द्वारा की गई। आपने इस अवसर पर कहाकि वर्तमान टीम द्वारा चेम्बर की रिक्त भूमि पर ''नवीन भवन निर्माण'' के विषय को प्राथमिकता में रखा गया था, जिसके लिए कार्यकाल के प्रारंभ से ही इस पर निरंतर कार्य किया गया। दि. 29 मार्च,25 को आयोजित साधारण सभा की बैठक में भवन निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए एक स्थायी भवन निर्माण समिति का गठन किया गया। पदाधिकारियों एवं समिति के संयोजक-श्री अरविन्द अग्रवाल जी एवं सहसंयोजक-श्री विजय गोयल जी के सहयोग से ''टाउन एंड कंट्री प्लानिंग'' से प्रस्तावित भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस प्रोजेक्ट के आगामी कार्य के लिए आज यह बैठक आयोजित की गई है।

''स्थायी भवन निर्माण समिति'' के संयोजक-श्री अरविन्द अग्रवाल द्वारा प्रस्तावित भवन निर्माण के लेआउट की जानकारी से सदस्यों को अवगत कराया गया। आपने कहा कि बहुत मंथन के बाद इस लेआउट को बनाकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से स्वीकृति ली गई है। चेम्बर की बिल्डिंग आइकोनिक बने यह प्रयास है। साथ ही, चेम्बर की पूरी बिल्डिंग का ही प्लान बनाकर रिक्त भूमि का लेआउट तैयार किया गया है।

स्थायी भवन निर्माण समिति के सहसंयोजक-श्री विजय गोयल द्वारा बिल्डिंग के लिए आर्किटेक्ट के रूप में कार्य करने हेतु शहर के सुप्रसिद्ध आर्किटेक्ट-श्री राजेश गुप्ता जी का नाम प्रस्तावित किया गया, जिसका अनुमोदन मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से श्री राजेश गुप्ता जी को प्रस्तावित बिल्डिंग निर्माण के लिए आर्किटेक्ट नियुक्त किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही इस लेआउट प्लान के आधार पर नगर-निगम से भवन निर्माण की मंजूरी हेतु आवेदन किया जाएगा। भवन निर्माण की अनुमति मिलने तक अन्य तैयारियाँ की जाएँगी एवं स्वीकृति मिलते ही भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित कर, बिल्डिंग निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

बैठक का संचालन कर रहे, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल ने कहा कि समिति के निर्णयों पर कार्यवाही के लिए 'चेम्बर सचिवालय' शीघ्रता से कार्य करेगा।

बैठक में कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल सहित समिति सदस्य-सर्वश्री राधाकिशन खेतान, सुरेश बंसल, पारस जैन, पीताम्बर लोकवानी, नरेश कुमार सिंहल, जगदीश मित्तल, रामनिवास अग्रवाल, कैलाश लहारिया, गोकुल बंसल, वसंत अग्रवाल उपस्थित थे।

## मई, 2025 के महत्वपूर्ण प्रयास...

* आयुक्त, नगर-निगम को पत्र प्रेषित कर, 'ट्रांसपोर्ट नगर' की सड़क निर्माण कार्य सुचारू रूप से बनाए रखने हेतु 15 मई से पूर्व पुरानी सीवर लाईन को चालू कराने की माँग की गई।
* ऊर्जा मंत्री, म. प्र. शासन - माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को पत्र प्रेषित कर, ऊर्जा विभाग के अंतर्गत अधीक्षण यंत्री (विद्युत सुरक्षा) एवं उप मुख्य विद्युत निरीक्षक स्तर का वृत्तीय कार्यालय ग्वालियर में स्थापित करने की माँग की गई।
* प्रधानमंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र मोदी एवं रक्षामंत्री-माननीय राजनाथ सिंह सहित तीनों सेनाओं के प्रमुखों को पहलगाम में कायराना आतंकी हमले के दोषियों को सबक सिखाने हेतु भारतीय सेना द्वारा की सफल 'एयर स्ट्राइक' की सराहना करते हुए साहसिक कदप पर हार्दिक बधाई प्रेषित की गई।
* केन्द्रीय संचार मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर में बीएसएनएल मोबाइल की सेवाओं में व्यापक सुधार की माँग की गई।
* आयुक्त, नगर-निगम, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, 'चेम्बर भवन' में साहूकारी शिविर एवं सम्पत्ति कर शिविर आयोजित किए जाने की माँग की गई।
* महाप्रबंधक, शहर वृत्त, विद्युत वितरण कं. को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर में वितरण कं. के किसी भी जोन पर बिल जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की माँग की गई।
* आयुक्त सह संचालक, संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश, म. प्र. व आयुक्त, ग्वालियर संभाग सहित सीईओ, जीडीए को पत्र प्रेषित कर, 'माधव प्लाजा' के हितग्राहियों से ब्याज की माँग नहीं किए जाने की माँग की गई।
* आई. जी. ग्वालियर रेंज एवं पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर को पत्र प्रेषित कर, ग्वालियर शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने की माँग की गई।

# T&CP टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से स्वीकृति

चेम्बर भवन परिसर से संलग्न रिक्त भूमि पर ''नवीन भवन निर्माण'' के लिए ''टाउन एंड कंट्री प्लानिंग'' से प्रस्तावित भवन निर्माण हेतु एनओसी दिनांक 26 मई,25 को प्राप्त हो चुकी है। अब शीघ्र ही प्रस्तावित लेआउट को नगर-निगम के सम्मुख मंजूरी हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

## सदस्य उपलब्धियाँ...

### CREDAI ग्वालियर की टीम का गठन








अध्यक्ष - श्री सुदर्शन झंवर, उपाध्यक्ष-श्री महेश भारद्वाज व श्री राजकुमार कुकरेजा, मानसेवी सचिव-श्री शैलेश जैन, संयुक्त मानसेवी सचिव-श्री दीपक पमनानी, कोषाध्यक्ष - श्री जयदीप अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य, सर्वश्री राजेश कुमार गुप्ता, मुकेश भोजवानी, धीरज प्रकाश अग्रवाल, रोहित वाधवा, विकास गंगवाल, राजेन्द्र गुप्ता.



### श्री जगदीश मित्तल, सदस्य मनोनीत

शा. महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, ग्वालियर की जनभागीदारी समिति में ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिशन के अध्यक्ष-श्री जगदीश मित्तल जी को सदस्य मनोनीत किया गया है।

### डॉ. विनोद जैन, कोषाध्यक्ष मनोनीत

लायंस क्लब ऑफ ग्वालियर में वर्ष 2025 - 26 के लिए लायन डॉ. विनोद जैन को कोषाध्यक्ष पद मनोनीत किया गया है।





### श्री रामकुमार चौपड़ा राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य मनोनीत

भारत विकास परिषद के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए श्री रामकुमार चोपड़ा को राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य मनोनीत किया है। वह सेंट्रल रीजन (म. प्र. एवं छत्तीसगढ़)में परिषद के संपर्क प्रकल्प के प्रभारी रहेंगे।

**पदाधिकारियों ने उपरोक्त सदस्य महानुभावों के मनोनयन व निर्वाचित होने पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।**

## कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक

* दिनांक 10 मई 2025 :-

सिविल डिफेंस के तहत नागरिक कर्तव्यों पर आपातकालीन बैठक आयोजित की गई, जिसमें युद्ध की स्थिति में राहत एवं बचाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।

* दिनांक 21 मई 2025 :-

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्वालियर स्टेशन सलाहकार समिति के गठन हेतु संस्था द्वारा सदस्य का नाम तब तक प्रेषित नहीं किया जाएगा, जब तक कि पूर्व में SRUCC, DRUCC व ZRUCC के पुनर्गठन हेतु भेजे गए नामों का संबंधित समितियों में मनोनयन नहीं हो जाता है।

## आवश्यक सूचना

सम्माननीय सदस्य महानुभावों,

नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26 का सदस्यता शुल्क दिनांक 1 अप्रैल,2025 से देय हो गया है।

सदस्यता शुल्क को बगैर अधिभार के दि. 30 जून,25 तक जमा किया जा सकता है। उक्त तिथि के पश्चात् रु. 200/- प्रतिवर्ष अधिभार की राशि देय होगी।

* पब्लिक लिमिटेड कं. : रु. 2500+GST (18%)
* प्रायवेट लिमिटेड कं. : रु. 1250+GST (18%)
* साधारण सदस्य : रु. 750.00

**प्रेषक** : स्वामी म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के लिए प्रकाशक, दीपक अग्रवाल द्वारा ग्राफिक्स वर्ल्ड, ग्वालियर से डिजाइन तथा 'चेम्बर भवन', एस.डी.एम. मार्ग, ग्वालियर से प्रकाशित. संपादक-दीपक अग्रवाल, दूरभाष-2371691,2632916,2382917